Patrika (Indore), 02nd March 2025, Page- 06

# IIT इंदौर के 15 स्टार्टअप खड़ा करेंगे अपना कारोबार, दिल्ली में मिलेगी ग्रांट

**इंदौर @ पत्रिका.** शहर के 15 स्टार्टअप्स को कारोबार खड़ा करने के लिए 5 करोड़ से भी अधिक की राशि केंद्र सरकार की तरफ से मिलने वाली है। 3 मार्च को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय विज्ञान एवं तकनीकी मंत्री जितेंद्र सिंह और सांसद शंकर लालवानी ग्रांट के चेक इन स्टार्टअप्स को सौंपेंगे। आइआइटी इंदौर ने अब तक 80 से ज्यादा स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट किया है। आइआइटी इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन चरक डीटी प्लेटफॉर्म बना रहा है। चुने गए ये स्टार्टअप्स इस प्लेटफॉर्म को डेवलप करने में मदद करेंगे।आइआइटी आई दृष्टि सीपीएस योजना के अंतर्गत 20 हेल्थ केयर स्टार्टअप्स को मदद की जा रही है, जिनमें से 15 को ग्रांट दी जाएगी। आइआइटी इंदौर के प्रो. अमनदीप श्रीवास्तव ने बताया, सांसद के प्रयासों से ये संस्थान भी केंद्र की दृष्टि सीपीएस योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है।